आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

01.05.2024 7.10 PM

मुख्य समाचार....

- लोकसभा चुनाव में प्रचार चरम पर पहुंचा, कल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी की सभाएं ।
- कमजोर जनजातीय समूह समुदायों और अन्य जनजातीय समूहों के लोगों ने लिया मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा।
- अमरकंटक की ठंडक और हरियाली ने खींचा पर्यटकों का ध्यान।
- राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में गर्मी से परेशान हुए लोग ।

चुनाव प्रचार प्रदेश

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर है। प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल सागर लोकसभा क्षेत्र के सिरोंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री नड्डा शाम भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े के समर्थन में सभा को संबोधित करेंगे।

वहीँ,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कल मुरैना में एक सभा को संबोधित करेंगी। मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह भी मुरैना और ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे।

प्रदेश चुनाव तैयारी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 9 सीटों 7 मई को वोट डाले जाएंगे। जिनमें भोपाल, बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और राजगढ़ शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तीसरे चरण के सभी 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, जरूरी दवाइयां और टेन्ट की व्यवस्था की जा रही है। मतदाता सूचना पर्ची का वितरण कराया जा रहा है। मुरैना में जरूरत अनुसार फोर्स उपलब्ध कराया जायेगा। भोपाल लोक सभा सीट के लिए करीब 23 लाख वोटर मतदान करेंगे। इसके लिए भोपाल और सीहोर में मिलाकर कुल 23 सौ मतदान केंद्र बनाए गए हैं। करीब 17 हजार कर्मचारी और अधिकारी मतदान ड्यूटी करेंगे।

## आदिवासी मतदान

चुनावी प्रक्रिया में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह समुदायों और अन्य जनजातीय समूहों को शामिल करने के प्रयासों का फल मिला है। इन चुनावों में पहले और दूसरे चरण में इन समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रदेश में बैगा, भारिया और सहरिया नामक इस श्रेणी के तीन समुदाय हैं। 23 जिलों की कुल 9 लाख 91 हजार 613 आबादी में से 6 लाख 37 हजार 681 नागरिक 18 साल से उम्र के हैं और ये सभी मतदाता सूची में पंजीकृत हैं। दोनों चरणों के मतदान में बैगा और भारिया जनजाति के मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्रों पर जनजातीय समूहों के स्वागत के लिए जनजातीय थीम पर आधारित मतदान केंद्र भी बनाए गए थे। डिंडोरी में ग्रामीणों ने स्वयं मतदान केंद्रों को सजाया था।

## डीजी आकाशवाणी

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी मौसमी चक्रवर्ती ने आज आकाशवाणी समाचार के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। 1991 बैच की आई.आई.एस. अधिकारी, श्रीमती चक्रवर्ती के पास प्रेस सूचना ब्यूरो और केंद्रीय संचार ब्यूरो सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कई मीडिया संगठनों में काम करने का व्यापक अनुभव है। तीन दशकों से अधिक के अपने करियर में, उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में तथा कैबिनेट मंत्री की निजी सचिव के रूप में भी काम किया है।

## जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को समाचारों में शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिए तमाम प्रयास किये जा रहे हैं. आज से चलो बूथ की ओर अभियान भी शुरू हुआ है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज एवं कांकरखेड़ा में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलो बूथ की ओर में सम्मिलित होकर लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करने की अपील की।

खंडवा में नगर परिषद मूंदी एवं बाल भारती स्कूल द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमे नुक्क़ड़ नाटक, सेल्फी पॉइंट, प्रचार रथ एवं शपथ का आयोजन किया गया। खालवा में पीले चावल देकर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

नीमच जिले में 13 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जन जागरूकता के लिए आज से घर-घर मतदाता जागरूकता के पोस्टर और स्टीकर लगाने का अभियान प्रारंभ हुआ।

देवास जिले में टोंकखुर्द और सोनकच्छ में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का "चलो बूथ की ओर" थीम पर प्रशिक्षण आयोजित हुआ। मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई।

आगरमालवा के शासकीय नेहरू महाविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में समझाया.

गुना में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा द्वारा आज मधुसूदनगढ़ क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया ।

मुरैना में मतदान पर नजर रखने के लिए सभी 1 हजार 706 मतदान केन्द्रों के साथ 24 सौ कैमरे लगाकर मतदान पर नजर रखी जाएगी। पुलिस शहर, कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लेगमार्च भी कर रही है।

<u>अमरकंटक पर्यटन</u>

गर्मी के इस मौसम में अमरकंटक में लोग जगह-जगह से प्रतिदिन आ रहे हैं। कई दिनों तक रुक कर प्रकृति के नजारों का आनंद उठा रहे हैं। नर्मदा के प्रवाह स्थल कपिलधारा जलप्रपात का नजारा अमरकंटक आने वाले प्रत्येक सैलानी को यहां खींच लाता है। अमरकंटक के वन क्षेत्र सीमा पर शंभू धारा जलाशय पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहा है यहां पर वोटिंग की भी सुविधा है। दूधिया सफेद संगमरमरी नर्मदा मंदिर और 51 शक्तिपीठों में से एक शोण शक्तिपीठ पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित कर रहे है।पर्यटकों के आने से अमरकंटक के व्यापारी भी खुश हैं जिससे यहां ट्रैवलिंग और होटल व्यवसाई भी अच्छा खासा व्यापार कर रहे हैं।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में तेज गर्मी का सिलसिला जारी है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिले धूप की तपिश को झेल रहे हैं। मई में भी तेज गर्मी, हीट वेव, बारिश और ओले का दौर रह सकता है। मई महीने में प्रदेश में पारा 47 डिग्री के पार जा सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार मई महीने में भी वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। इस वजह से तीसरे और चौथे सप्ताह में ओले-बारिश का दौर भी बन सकता है। प्रदेश में 7 मई को भोपाल, बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा और राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग होगी। वहीं, चौथे चरण में 13 मई को इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, खरगोन और खंडवा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। मौसम विभाग का अनुमान है कि वोटिंग के दौरान तेज गर्मी भी पड़ेगी।

समाचार संक्षेप में....

1. देवास में श्रमिक दिवस के मौके पर आज विभिन्न श्रम संगठनों तथा अन्य संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन किये गए।
2. बैतूल में एमपी पीएससी की तैयारी कर रहे अमरदीप ने अपने मित्रों के साथ मिलकर अपने पिता की स्मृति में डिजिटल बोर्ड के लिए 25 हजार रूपए की राशि भेंट की।
3. शिवपुरी जिले में जिला प्रशासन द्वारा 10 आदतन अपराधियों को जिलाबदर घोषित किया गया है.
4. टीकमगढ कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में आज अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति वर्ग छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
5. मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 3 मई से भील समुदाय की चित्रकार सुश्री अनिता अमलियार के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया जा रहा है।
6. इंदौर के राऊ थाना क्षेत्र में कांग्रेस नेता मनोज सुले ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।
7. झाबुआ पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी के पास से 1 लाख से अधिक की अवैध शराब, एक पिस्टल, सहित विभिन्न सामग्री बरामद की है ।

---------------------